सुविचार



जब तुम दुःखों का सामना करने से डर जाते हो और रोने लगते हो, तो मुसीबतों का ढेर लग जाता है। लेकिन जब तुम मुस्कराने लगते हो, तो मुसीबतें सिकुड़ जाती हैं। - सुधांशु महाराज

# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026


**बरेली के प्रमुख समाचार**


- छात्र का लटका मिला शव, हत्या का आरोप-II
- उर्स में न हो नई परंपरा, व्यवस्थाएं करें दुरुस्त-III
- कीर्तन दरबार में गुरुवाणी सुन संगत निहाल -IV


**सिटी ब्रीफ**

### जलभराव के विरोध में नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया

**बरेली, अमृत विचार :** सिकलापुर वार्ड में लंबे समय से नालियों की सफाई न होने और सड़कों पर जमा गंदे पानी से आक्रोशित महिलाओं ने गुरुवार को नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं का कहना था कि क्षेत्र में नालियां पूरी तरह चोक हैं। उखड़ी सड़कों के कारण गलियों में जलभराव की समस्या है। घरों के बाहर जमा कीचड़ और बदबू ने जीना मुहाल कर दिया है। महिलाओं ने उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नैन सिंह से मुलाकात कर जल्द समय के समाधान की मांग की।

### लोकल फॉल्ट व ट्रिपिंग से बढ़ी उपभोक्ताओं की परेशानी

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में गुरुवार को लोकल फॉल्ट और ट्रिपिंग के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी के बीच अचानक बिजली कटौती से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। घरेलू कार्यों के साथ व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित रहीं। रामपुर गार्डन स्थित हेल्प डेस्क पर दिनभर बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतें पहुंचती रहीं। उपभोक्ताओं ने ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर नाराजगी जताई। कई जगहों पर बार-बार सप्लाई बाधित होने से लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ीं। मरम्मत और अन्य कार्यों के चलते लिए गए शटडाउन ने भी बिजली संकट को और बढ़ा दिया। कई क्षेत्रों में पहले से ही चल रही समस्याओं के बीच शटडाउन से हालात और बिगड़ गए। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि फॉल्ट ठीक कराने और लाइन सुधार कार्य के चलते अस्थायी रूप से आपूर्ति बाधित करनी पड़ी, जिसे जल्द सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### एसआईआर के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज

**बरेली, अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्रों की नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) होने के बाद शुक्रवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम एफआर संतोष कुमार सिंह ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षों को पत्र जारी कर कहा है कि 1 जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कर विधानसभा वार उपलब्ध कराया जाएगा। शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे अध्यक्षों से कलेक्ट्रेट पहुंचने का आह्वान किया है।

**शहर में आज**

- एसआरएमएस में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 दोपहर 1:30 बजे।
- बाबा श्री नीलकंठ मंदिर राजेन्द्र नगर में शिव महापुराण कथा शाम 5 बजे से 9 बजे।
- गुरुद्वारा मॉडल टाउन में कीर्तन दरबार शाम 7 बजे से।

**कोहाड़ापीर तिराहे पर जाम**



ट्रैफिक बढ़ने पर कोहाड़ापीर तिराहे से महादेव पुल तक जाम लग गया। राहगीर और वाहन चालकों को परेशानी से जूझना पड़ा। ● अमृत विचार

## रोजगार के रास्ते खोलेगा औद्योगिक कॉरिडोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** औद्योगिक कॉरिडोर बसाने का रास्ता साफ हो गया है। यह कॉरिडोर जनपद के हजारों युवाओं के लिए नौकरी लाएगा। सैकड़ों उद्योग लगेंगे, जो बरेली की आर्थिक रफ्तार को बढ़ाएंगे और प्रदेश की वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। औद्योगिक कॉरिडोर बसाने के लिए 10 गांवों की भूमि का चयन कर डीएम अविनाश सिंह ने प्रस्ताव यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को भेज दिया है। भूमि अर्जन में करीब 1400 करोड़ का खर्च आएगा।

औद्योगिक कॉरिडोर बसाए जाने से बरेली के साथ बदायूं के युवाओं और उद्यमियों को भी फायदा मिलेगा। डीएम अविनाश सिंह के अनुसार उप्र एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) लखनऊ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने 9 जनवरी को औद्योगिक कॉरिडोर के संबंध में पत्र भेजा। जिसमें बताया कि उत्तर प्रदेश में औद्योगिक कॉरिडोर विकसित कराए जाने की दृष्टि से शासन के निर्देश पर बरेली में भी औद्योगिक कॉरिडोर विकसित करना प्रस्तावित है।

### कॉरिडोर के लिए इन गांवों की भूमि चिह्नित

आंवला तहसील के भमोरा, मकरंदपुर तारा चंद्रपुर, पखुरनी, कुड्ढा, भीकमपुर, भरताना, हजरतपुर, युसुफपुर, खुली, चांदपुर मटकी में कुल 3312 गाटों की 1004.985 हेक्टेयर भूमि चयनित की गयी है।

### औद्योगिक कॉरिडोर के भूमि इसलिए उपयुक्त है

भूमि भमोरा-आंवला-दिल्ली मार्ग पर मकरंदपुर रेलवे स्टेशन सामने है। निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-बी के निकट है, गंगा एक्सप्रेस-वे से 8 किमी की दूरी पर स्थित है। इफको आंवला फर्टिलाइजर संयंत्र से सटी हुई है।

> औद्योगिक कॉरिडोर के लिए 1004.985 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की गयी है। प्रस्ताव यूपीडा को भेज दिया गया है, स्वीकृति मिलने के बाद आगे की कार्यवाही शुरू होगी। इसके बनने से बरेली और बदायूं के युवाओं को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। -**अविनाश सिंह**, डीएम बरेली

# निगम ने फिर लाल निशान लगाए, व्यापारी गुस्से में आए

## कोहाड़ापीर से धर्मकांटा तक नगर निगम टीम ने की पैमाइश, एक्सईन ने दी अंतिम चेतावनी, जल्द शुरू होगी बुलडोजर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम की निर्माण, मानचित्रकार और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कोहाड़ापीर चौक से धर्मकांटा चौराहे तक रोड के दोनों तरफ जमीन की पैमाइश करते हुए उन स्थानों को दोबारा चिह्नित किया, जहां पहले भी निशान लगाए गए थे। नए सिरे से गहरे लाल निशान लगाकर निगम ने यह स्पष्ट किया कि सड़कों के चौड़ीकरण के बीच आने वाले किसी भी अवैध निर्माण को अब बख्शा नहीं जाएगा।

अधिशासी अभियंता राजीव राठी ने बताया कि दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित समय के भीतर स्वयं अपने अवैध निर्माण हटा लें। अगर निगम की ओर से कार्रवाई की गई तो इसका खर्च भी संबंधित व्यक्ति से वसूला जाएगा। सीएम ग्रिड योजना का उद्देश्य शहर की लाइफलाइन मानी जाने वाली सड़कों को मानक के अनुरूप चौड़ा करना है, ताकि भविष्य में ट्रैफिक की समस्या जड़ से खत्म हो सके। शहर के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों में कोई अवरोध स्वीकार्य नहीं होगा।

**बीडीए का नक्शा, फिर भी चला दिया बुलडोजर :** सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा, जिन व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को तोड़ा गया। उन पर सभी जरूरी कागजात के साथ बीडीए से पास नक्शा भी है। नगर निगम यहां 1920 का नक्शा दिखाकर बुलडोजर चला रहा है, यह व्यापारियों का उत्पीड़न है। नगर निगम बिजली बिल और जल-कल टैक्स ले रहा है तो निर्माण को अवैध बताना सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि तथ्यों को एकत्र कर डीएम के माध्यम से मुआवजे की मांग की जाएगी। आने में देरी पर कहा कि हम पूरी जानकारी और साक्ष्यों के साथ व्यापारियों की मदद करना चाहते थे, इसलिए ब्योरा तैयार कर रहे हैं।



धर्मकांटा रोड पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद पड़ा मलबा और अतिक्रमण को खुद ही हटाते लोग। ● अमृत विचार



### छह महीने के बाद अचानक चलाया बुलडोजर



व्यापारी संजीव अग्रवाल ने बताया कि छह माह पहले नोटिस दिया गया उसके बाद नगर निगम भूल गया। फिर कुंभकर्णी नींद से जागा और सीधा बुलडोजर की कार्रवाई कर दी। दोबारा नोटिस देते या एनाउंस करते तो व्यापारी खुद मकान-दुकान तोड़ लेते जिससे इतना अधिक नुकसान न होता। यह पूरी तरह से तानाशाही रवैया को दर्शाता है जिससे पूरे व्यापारी समाज में आक्रोश है।

### कार्रवाई की तारीख तक नहीं बताई गई



फुरकान ने बताया कि वह अपने चाचा के साथ कूलर का काम करते हैं। उनकी दुकान पर जितना निशान लगाया गया था, उससे कहीं ज्यादा तोड़फोड़ की गई। नगर निगम की टीम ने जरा भी मौका नहीं दिया। वह दुकानों से सामान नहीं निकाल पाए। उनका काफी नुकसान हुआ। नगर निगम के नोटिस पर कार्रवाई की तारीख तक नहीं लिखी थी। अचानक कार्रवाई से काफी परेशानी हुई।

### 134 गज का मकान 70 गज में सिमटा गया



रफीक अहमद ने बताया कि वह तीन पीढ़ियों से रह रहे हैं, कई महीने पहले नोटिस दिया गया था, उसके बाद विभाग भूल गया और अचानक कार्रवाई कर दी। सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला। उनका मकान 134 गज में था। अब महज 70 गज बचा है। रसोई और शौचालय तक तोड़ दिया। सवाल यह है कि उन्हें न्याय कहां से मिले।

### व्यापारियों को अब सरकार से न्याय की उम्मीद



मुकेश गर्ग ने बताया कि वह कई सालों से साइकिल की दुकान चलाते हैं। छह माह पहले सीधा नोटिस देकर चले गए। लोग कुछ समझ पाते कि अचानक टीम पहुंची और बुलडोजर चला दिया। मानो हम व्यापारी न हों अपराधी हों इस तरह का व्यवहार किया जा रहा था। इससे व्यापारी समाज में काफी आक्रोश है। फिलहाल प्रदेश सरकार से उम्मीद है कि न्याय मिलेगा।

### बुलडोजर चलने के दो दिन बाद हाल जानने पहुंचे सपाई



**बरेली, अमृत विचार :** कोहाड़ापीर से लेकर धर्मकांटे तक सीएम ग्रिड योजना के तहत दुकानों, घरों और मस्जिद पर निगम का बुलडोजर चलने के दो दिन बाद गुरुवार को समाजवादी पार्टी (सपा) का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित व्यापारियों का हाल जानने पहुंचा। सपा नेताओं ने कहा कि महापौर, एमपी, एमएलए समेत सब सत्ता के नशे में चूर हैं। व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। पार्टी उनके हक के लिए आंदोलन करेगी। प्रतिनिधिमंडल में शामिल पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन ने कहा कि इतने साल से लोग यहां रह रहे हैं, व्यापार कर रहे हैं और सभी टैक्सदाता हैं। अचानक नगर निगम ने इन सभी पर कार्रवाई कर दी। यह कार्रवाई इनके घरों और मकानों पर नहीं कि गई है बल्कि रोजी-रोटी पर बुलडोजर चला है। उन्होंने सवाल उठाया कि मेयर, एमपी, एमएलए इतने सालों से क्या कर रहे थे। ये सभी सत्ता के मद में चूर हैं। इतना बुरा हाल है कि कोई भी नियम-कानून मानने को तैयार नहीं है। आजादी के पहले से रोजगार चला रहे व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को अवैध बताकर तोड़ा जाना पूरी तरह से गलत है। बिना कोई विकल्प दिए इतनी बड़ी विध्वंसक कार्रवाई नाकाबिले बर्दाश्त है।

### प्रतिनिधिमंडल में नेताओं की लंबी लिस्ट

व्यापारियों से मिलने आए सपा प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सचिव शुभलेश यादव, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, राजेश अग्रवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव सक्सेना, अनुज गंगवार, निवर्तमान जिला महासचिव संजीव यादव, सूरज यादव, डॉ अनीस बेग, महानगर उपाध्यक्ष राजेश मौर्य, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, राम प्रकाश यादव, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र यादव, प्रमोद बिष्ट व कोषाध्यक्ष अशोक यादव समेत दर्जनों नेता शामिल रहे।

### नैनीताल रोड पर सैकड़ों दुकानों पर बुलडोजर एक्शन की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** कोहाड़ापीर से धर्मकांटे तक नगर निगम की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अभी ठंडी नहीं पड़ी थी कि अब नैनीताल रोड पर भी बुलडोजर चलाने की तैयारी कर ली गई है। निगम यहां की दुकानों और शोरूम पर पहले ही लाल निशान लगा चुका है। ऐसे में गुरुवार को एक बार फिर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर नाप-जोख करते हुए व्यापारियों को आठ दिन का अल्टीमेटम दिया। कहा कि व्यापारी खुद दुकानों पर हथौड़ा चलाएं नहीं तो विभाग कार्रवाई करने में आए खर्च भी वसूल करेगा। प्रेमनगर क्षेत्र में कोहाड़ापीर से कुदेशिया फाटक तक करीब ढाई किलोमीटर लंबी सड़क को 'सीएम ग्रिड योजना' के तहत चमकाया जाएगा। योजना के पहले चरण में बिजली के तारों को अंडरग्राउंड करने का काम पूरा हो चुका है। अब सड़क चौड़ीकरण की बारी है। जिसके लिए मार्ग में आने वाली दुकानों को तोड़ा जाएगा। वर्तमान में यह सड़क कहीं 22 तो कहीं उससे भी कम है, जिसे बढ़ाकर 80 फीट चौड़ा किया जाना प्रस्तावित है। कहीं दुकानें 8 फीट तो कहीं पूरी तरह जमींदोज हो जाएंगी। ढाई किलोमीटर के इस हिस्से में सड़क के दोनों ओर बड़े शोरूम और दुकानें स्थित हैं। नगर निगम की टीम को पैमाइश करते देख दुकानदारों में हलचल तेज हो गई है।

**मलबे को समेटते रहे दुकानदार :** नगर निगम की बुलडोजर कार्रवाई के बाद कोहाड़ापीर चौक से धर्मकांटा रोड तक हलचल तेज रही। गुरुवार सुबह व्यापारी और दुकानदार अपने टूटे भवनों का मलबा समेटते रहे। कई व्यापारियों ने निगम की कार्रवाई पर नाराजगी भी जताई। उनका कहना है कि बिना पर्याप्त समय दिए की गई इस कार्रवाई से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

### कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप को लेकर रार, पार्षद ने बताया अवैध

**बरेली, अमृत विचार :** कोहाड़ापीर से धर्मकांटे तक सीएम ग्रिड योजना के मद्देनजर 80 दुकानों पर निगम का बुलडोजर चलने के बाद अब पेट्रोल पंप को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा पार्षद शालिनी जौहरी ने इस पंप को हटाने के लिए मोर्चा तेज कर दिया है। पार्षद का आरोप है कि यह पेट्रोल पंप सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाया गया है। इसके कारण अक्सर जाम लगता है। पेट्रोल पंप मालिक ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है। पार्षद शालिनी जौहरी ने कहा कि महादेव पुल के निर्माण के समय अनिल अग्रवाल के इस पेट्रोल पंप को संजय नगर में जमीन आवंटित कर ट्रांसफर कर दिया गया था। इसके बावजूद पंप को पुरानी जगह से नहीं हटाया गया। उन्होंने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि इस पंप को तत्काल हटाया जाए, जिससे जनता को जाम से मुक्ति मिल सके। दूसरी तरफ पेट्रोल पंप मालिक अनिल अग्रवाल ने पार्षद के आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताते हुए स्पष्ट किया कि कोहाड़ापीर पर उनका पंप बहुत पुराना है और संजय नगर में पंप दूसरी कंपनी का है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों और सीएम ग्रिड योजना का पूरा समर्थन कर रहे हैं। योजना के दायरे में पंप का जितना हिस्सा चिह्नित किया गया था, उसे हटाया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने मेयर डॉ. गौतम से जानी अतिक्रमण हटाओ मुहिम की प्रगति



लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात करते महापौर डॉ. उमेश गौतम। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** महापौर डॉ. उमेश गौतम ने गुरुवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस दौरान बरेली के सतत, समग्र और सुव्यवस्थित विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर आधे घंटे तक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रख विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जनसुविधाओं के विस्तार और नागरिकों के जीवन स्तर सुधार पर जोर दिया।

डॉ. गौतम उत्तर प्रदेश महापौर परिषद के अध्यक्ष भी हैं। मुख्यमंत्री ने डॉ. गौतम से प्रदेश के 17 नगर निगमों की जानकारी लेकर जल्द समीक्षा बैठक करने का आश्वासन दिया। महापौर ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बरेली में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान की प्रगति जानी और निर्देश दिए कि कार्रवाई निरंतर जारी रहे। विकास कार्यों में तेजी लाने पर भी जोर दिया। कहा कि निगम प्रतिबद्धता के साथ जनसुविधाओं के विस्तार और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार को काम कर रहा है। सीएम ने विकास को लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया। डॉ. उमेश गौतम ने सीएम को हनुमान की प्रतिमा भेंट की।

**बड़ी तैयारी** — आनंद आश्रम, त्रिवटीनाथ, बड़ा बाग हनुमान मंदिर समेत कई पर्यटन स्थलों का होगा विकास

## बरेली में दिखेंगे पर्यटन के नए रंग, विकास को लगेंगे पंख

- 13 परियोजनाओं पर करोड़ों की स्वीकृति, मल्टीपर्पज हॉल, यात्री विश्राम गृह सहित कई कार्य होंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली





**अमृत विचार :** बरेली में पर्यटन के नए रंग देखने को मिलेंगे। धार्मिक आस्था के केंद्रों के साथ रोजगार और स्थानीय विकास को रफ्तार मिलेगी। जिले में पर्यटन विकास को गति देने के लिए 13 महत्वपूर्ण योजनाओं शासन स्तर से मंजूरी दी गई है। इससे न सिर्फ मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों की सूरत बदलेगी, बल्कि आसपास के गांवों और छोटे कारोबारियों के लिए भी आय के नए रास्ते खुलेंगे। युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार के अवसर मिलने की संभावना रहेगी।

इन परियोजनाओं का उद्देश्य जिले के धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर उन्हें पर्यटन मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करना है। इसमें शहर के बीचों-बीच स्थित आनंद आश्रम में 90.51 लाख से पर्यटन विकास का कार्य किया जाएगा। यहां यात्री विश्राम गृह, पाथवे, हॉर्टीकल्चर वर्क आदि किया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से 53 लाख रुपये जारी भी हो गए। बड़ा बाग हनुमान मंदिर में पर्यटन और अवस्थापना सुविधाओं का विकास कार्य 355.54 लाख रुपये से किया जाएगा। इसमें मल्टीपर्पज हॉल/धर्मशाला, मेन द्वार, हॉर्टीकल्चर वर्क आदि कार्य किए जाएंगे। इसके लिए 70 लाख रुपये जारी हो गए हैं। वहीं, श्रीरामजानकी मंदिर (सीताराम मंदिर) में 296.63 लाख से पर्यटन विकास के कार्य होंगे। इसके लिए 70 लाख जारी कर दिए गए हैं।

सात नाथ मंदिर के प्राचीनतम नाथ मंदिर बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में 195.39 लाख की लागत से फसाड लाइटिंग का कार्य किया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से 100 लाख जारी कर दिए गए हैं। साथ ही अहिच्छत्र के समेकित विकास के लिए 213.40 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यहां यात्री विश्राम गृह, पाथवे और हरित विकास कार्य कराए जाएंगे। महाभारत कालीन द्रोपदी स्वयंवर थीम पार्क के लिए 99.02 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। जिससे ऐतिहासिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

इको टूरिज्म के तहत लीलौर झील और ढिलवारी राम कटोरा ताल के विकास के लिए 295.17 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में सिरोही के पहलऊनाथ, सिसैया मगनपुर के प्राचीन शिव मंदिर, लालपुर के ठाकुरजी मंदिर स्थल और पूर्णागिरी शिव मंदिर के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इन स्थानों पर यात्री विश्राम गृह, मल्टीपरपज हॉल, पेयजल, स्वच्छता, ऊर्जा जैसी सुविधाएं विकसित होंगी। इन योजनाओं से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। बरेली की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करने में मदद मिलेगी।

> इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद जिले में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। -**मनीष सिंह**, पर्यटन सूचना अधिकारी

## नौ विज्ञापन एजेंसियों को नोटिस, सात दिन में दें सेफ्टी सर्टिफिकेट

**बरेली, अमृत विचार :** प्री-मानसून अवधि में आंधी-तूफान और बारिश को देखते हुए नगर निगम ने शहर की नौ विज्ञापन एजेंसियों को नोटिस जारी किया है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि बड़े विज्ञापन होर्डिंग, यूनिपोल, कैण्टीलीवर, रूफटॉप, सिंगल पोल, गेट एंट्री और बस क्यू शेल्टर जैसी संरचनाएं कमजोर होने पर गिर सकती हैं, जिससे जन-धन की हानि और यातायात बाधित होने का खतरा बना रहता है। 7 दिन में स्ट्रक्चर सेफ्टी सर्टिफिकेट जमा करने के निर्देश दिए।

बदायूं रोड पर तीन दिन पहले यूनिपोल गिरने की घटना ने नगर निगम प्रशासन की नींद उड़ा दी है। नगर आयुक्त के आदेश पर विज्ञापन प्रभारी राजीव कुमार राठी ने मैसर्स प्रकाश आर्ट स्टूडियो, मैसर्स प्रकाश संस एजेंसी समेत 9 विज्ञापन एजेंसियों को नोटिस जारी कर सुरक्षा मानकों की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

## सिटी ब्रीफ

### बवाल के दो आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जियां निरस्त

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** 26 सितम्बर 2025 को जुमे के दिन शहर में हुए बवाल मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला ने थाना बारादरी पुराना शहर निवासी आशू हुसैन व मोहम्मद साजिद खान उर्फ साजिद सकलैनी की अग्रिम जमानत अर्जियां खारिज कर दी। सरकारी वकील महेश यादव ने बताया कि वादी मुकदमा तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक बारादरी ने दर्ज कराया था कि नमाज के बाद इस्लामिया इंटर कालेज में धरना प्रदर्शन के लिए मौलाना तौकीर ने आह्वान किया था। भीड़ को जाने से रोका तो अवैध असलहों, ईंट पत्थर, पेट्रोल बम से पुलिस बल पर जानलेवा हमला कर दिया।

### गोतस्कर की जमानत अर्जी नामंजूर

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** गौवंशीय पशु वध के आरोपी पीलीभीत थाना बीसलपुर निवासी कामिल उर्फ नकटा की जमानत अर्जी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला ने खारिज कर दी। सरकारी वकील महेश यादव ने बताया कि 27 मई 2025 को धनेटा फाटक के पास भाकड़ा नदी के किनारे कुछ पशुओं के अवशेष पड़े हुए मिले थे। पुलिस ने विवेचना में नकटा को आरोपी बनाया था। आरोपी का 15 अन्य मुकदमों का आपराधिक इतिहास भी अभियोजन ने कोर्ट में पेश किया।

### देवर पर लगाया अभद्रता का आरोप

**बरेली/आंवला, अमृत विचार :** आंवला थाना क्षेत्र के एक गांव में पारिवारिक विवाद का गंभीर मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने देवर पर घर में घुसकर मारपीट, अभद्रता और जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है । पीड़िता के अनुसार, उसका देवर घर में घुसकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने अपने भाई (महिला के पति) पर जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर दिया। महिला का आरोप है कि जब वह बीच-बचाव करने गई, तो देवर ने उसके साथ मारपीट की, बाल पकड़कर जमीन पर घसीटा और उसके कपड़े फाड़ दिए।

### छेड़छाड़ के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** भाजपा सभासद की बेटी से छेड़छाड़, मारपीट, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के आरोपी थाना सिरौली क्षेत्र निवासी युवक की जमानत अर्जी स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट विजेन्द्र त्रिपाठी ने खारिज कर दी। वादी के अधिवक्ता रोहित यादव ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना सिरौली में तहरीर देकर बताया था कि 18 फरवरी को बहन के घर पर भांजे की शादी में परिवार सहित भात की रस्म अदा करने आया था। रात 9 .30 बजे अपने घर जाने के लिए निकले उसी समय सचिन उर्फ नन्हें शर्मा ने पीछे आ रही पुत्री को गलत नीयत से हाथ पकड़कर खींचा। विरोध करने पर बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया। दूसरी पुत्री बचाने पहुंची तो उसकी उंगलियों को चबा लिया। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# दुबई से मनहूस खबर आई, युद्ध में बरेली के व्यापारी पुत्र ने जान गंवाई

**अनहोनी**

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- यूएई की प्रमुख बैंक में जल्द होना था जीशान का प्रमोशन
- बिहारीपुर के बिस्कुट व्यापारी जान मोहम्मद के बेटे थे जीशान

**अमृत विचार।** युद्ध कहीं भी हो, उसके विनाशक प्रभाव सैन्य बलों पर ही नहीं बल्कि आम लोगों की जिंदगी पर भी उतने ही खतरनाक प्रभाव डालते हैं। सपनों के शहर के नाम से पहचाने जाने वाले दुबई में बरेली के भी बहुत लोग रहते हैं। जीशान अजहरी मंसूरी भी उनमें से एक थे। वह दुबई स्थित नेशनल बैंक ऑफ रास अल खैमाह (रेक बैंक) बैंक में काम करते थे। शानदार कॅरियर और मनचाहा पैसा था। जल्दी ही एचआर मैनेजर पद पर प्रमोशन होने वाला था, मगर उससे पहले ही उनके साथ अनहोनी हो गई।





जीशान अजहरी शहर में बिहारीपुर पुलिस चौकी के पीछे रहने वाले जान मोहम्मद उर्फ लल्ला (लल्ला बिस्कुट वाले) के तीन पुत्रों में में सबसे छोटे थे। 2020 से वह दुबई की बैंक में जॉब कर रहे थे। ईरानी मिसाइल हमले में खाई बनी सड़क ने जीशान की जान ले ली। उनके साथ पाकिस्तानी कार ड्राइवर भी मारा गया। मनहूस हादसे की खबर दुबई से बरेली पहुंची तो परिवार-रिश्तेदार नहीं, बल्कि पूरे इलाके में मातम छा गया। होनहार जीशान की मौत ने परिवार को तोड़कर रख दिया। काफी कोशिशों के बाद गुरुवार को जीशान का शव दुबई से बरेली लाया गया। शाम उनको गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक किया गया।

### पटना की युवती से जल्द होना था निकाह

परिवार ने बताया की जीशान का रिश्ता पटना की युवती से तय हो चुका था। डेढ़ महीने पहले ही सगाई हुई थी। दो महीने बाद सऊदी अरब में मदीना शरीफ में निकाह होना था। पूरा परिवार तैयारियों में जुटा था। तय समय पर बरेली से परिवार व रिश्तेदारों को सऊदी जाना था मगर उससे पहले ही जीशान की मौत ने खुशियों पर ग्रहण लगा दिया। जीशान की मौत से लड़की पक्ष भी सदमे में है। एक होनहार की जान युद्ध की वजह से गई है। जो सुन रहा है, वही गम का इजहार कर रहा है।

परिवार से जुड़े लोगों ने 'अमृत विचार' को बताया कि जीशान की मौत 26 मार्च को उस समय हुई, जब वह दुबई में बैंक के क्लाइंट से मिलकर कार से लौट रहे थे। पाकिस्तान का रहने वाला ड्राइवर गाड़ी चला रहा था। कुछ दिन पहले वहां ईरान से मिसाइल अटैक किया गया था। पहाड़ टूटकर गिरने से सड़क में गहरा गड्ढा हो गया था और उसमें पानी भर गया था। कार उसी खाई में गिर गई और ड्राइवर के साथ जीशान की जान चली गई। रेस्क्यू किए जाने के बाद बचाया नहीं जा सका।

## सीओ पंकज बने आजमगढ़ के एसपी ट्रैफिक

**बरेली, अमृत विचार:** लंबे समय से सीओ सिटी रहे पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बरेली में कई ऐसे काम किए जो उन्हें हमेशा अगल बनाते है। लंबे समय तक सीओ सिटी रहने वाले बाद जब उनका तबादला सीओ थर्ड में हुआ तो वहां सबसे बड़ी समस्या थी की जोगी नवादा से निकलने वाली कांवड़ यात्रा। कांवड़ यात्रा को लेकर क्षेत्र में कई साल से विवाद चल रहा था। सीओ पंकज श्रीवास्तव ने वहां के लोगों से बातचीत करके ऐसा तरीका निकाला की वहां का विवाद समाप्त हो गया। गुरुवार को उनका प्रमोशन के साथ तबादला भी हो गया। उन्हें आजमगढ़ के एसपी ट्रैफिक का प्रभार दिया गया है।

## वन्य जीव तस्करों के खिलाफ शिकायत

**बरेली/फरीदपुरअमृत विचार :** वन्य जीवों के शिकार और तस्करी के संगठित नेटवर्क के खिलाफ वन क्षेत्राधिकारी को तहरीर दी गई है। शिवसेना नेता की तहरीर पर भुता थाने में गजनैरा गांव के सात लोगों को नामजद किया गया है। शिवसेना नेता विकास ठाकुर तहरीर में बताया कि ग्राम गजनेरा के कुछ लोग अवैध कारोबार में लिप्त हैं।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि ये सभी लोग एक संगठित गिरोह बनाकर जंगली जीवों के अवैध शिकार और उनकी तस्करी में संलिप्त हैं। विभागीय ढिलाई के चलते इन तस्करों के हौसले लगातार बुलंद होते गए। मामले की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच की मांग की है। आरोप है कि नामजद लोग जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए उनके खाने में विस्फोटक चीज का प्रयोग करते हैं। जैसे ही जानवर उसको खाता है, उसके मुंह के चिथडे उड़ जाते और यह लोग उसका आसानी से शिकार कर उसका व्यापार करते हैं। तहरीर के बाद पुलिस नामजद दो आरोपियों को हिरासत में लेकर फरीदपुर कोतवाली ले आई। इस बीच शिवसेना के नेता वन विभाग के ऑफिस में पहुंच गए और चेतावनी दी कि आरोपियों को रिहा किया गया तो वे आंदोलन करेंगे। वन क्षेत्राधिकारी रिषी ठाकुर ने शिवसेना के नेताओं को आश्वासन दिया कि जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जाएगी। फिलहाल, मामले की जांच में विभाग जुट गया है।

# छात्र का लटका मिला शव, हत्या का आरोप

## परिवार ने कहा-बेटे को स्कूल टीचर ने प्रताड़ित किया

- गुरुवार की रात खंडहर में मिला आलोक विराट का शव
- 7 अप्रैल से लापता चल रहा था कक्षा नौ का छात्र

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



छात्र का शव मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और जुटी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** 7 अप्रैल से लापता नौवीं कक्षा के छात्र का शव खंडहर में फंदे से लटका मिला। पुलिस इसे सुसाइड मान रही है वहीं परिजनों का कहना है कि उसे मारकर लटकाया गया है।



आलोक विराट।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के न्यू मॉडल रेलवे कॉलोनी के रहने वाले मुरारी लाल का बेटा आलोक विराट सात अप्रैल की सुबह घर पर बिना बताए कहीं चला गया। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। गुरुवार की रात विराट का शव पास के खंडहर बने मकान में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विराट के चाचा ने बताया कि शव के पांव जमीन पर थे। हाथ-पांव में किसी तरह की मिट्टी नहीं लगी थी न ही पास के स्लैब पर चढ़ने के निशान थे। कहा कि हत्या कर लटकाया गया है। परिजनों ने बताया कि वह नौवीं कक्षा में फेल हो गया था। परिजनों का यह भी कहना है कि उसके शिक्षक ने चार-पांच दिन पहले फोन पर विराट से बात की थी। इसके बाद से वह गुमसुम रहने लगा था। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि मौके पर मिले साक्ष्य से पता चल रहा है कि विराट ने आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### गला दबाकर की गई अमन की हत्या, 19 निशान

**बरेली, अमृत विचार :** अमन रजा की गला दबाकर हत्या की गई थी। उसके शरीर पर 19 जगह चोटों के निशान थे। पुलिस ने उसके तीन दोस्तों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस आरोपियों को तलाश कर रही है। बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गुलशननगर निवासी अमन रजा का शव सिटी स्टेशन के बंद क्वार्टर में मिला था। अमन के शरीर पर चोटों के निशान बयां कर रहे थे, कि बेरहमी से पीटकर हत्या की गई। गुरुवार को अमन के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक उसके शरीर पर 19 जगह चोटों के निशान थे। उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। पुलिस ने बुधवार को ही मृतक के दोस्त हिमांशु, नितिन और हैदर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। गुरुवार की देर रात तक पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। इंस्पेक्टर कोतवाली ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगा दी गई है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।परिवार ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## आत्महत्या में पत्नी गिरफ्तार, प्रेमी फरार

**बरेली/ बहेड़ी, अमृत विचार :** पत्नी ने ही पति को आत्म हत्या करने को मजबूर किया था। पत्नी के चाल -चलन से पति बहुत ज़्यादा परेशान था। समझाने और मारपीट करने के बाद भी जब वह नहीं मानी,तो पति के सामने आत्महत्या के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा था।पुलिस की जाँच में यह बात साबित होने पर पुलिस ने पति को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाली पत्नी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका प्रेमी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ पाया है।

यह मामला बांकौली गांव का है।गांव के राजकुमार ने 27 फरवरी को आत्महत्या कर ली थी। राजकुमार के पिता ने 14 मार्च को राजकुमार की मौत के लिए उसकी पत्नी छाया को ज़िम्मेदार बताया था। आरोप था कि छाया के गांव के ही युवक विद्याराम पुत्र केसरी लाल से संबंध थे। इस बात की जानकारी छाया के पति राजकुमार और उसके घर वालों को लगी तो राजकुमार और घर वालों ने छाया को कई बार समझाया, लेकिन वह नहीं मानी और लगातार प्रेमी से संपर्क बनाए रखे । जिससे राजकुमार तनाव में रहने लगा, और उसने फांसी लगा ली।पुलिस ने छाया को उसके डेढ़ वर्षीय बच्चे के साथ अहमदपुर गौटिया से गिरफ्तार कर लिया।



गिरफ्तार पत्नी। ● अमृत विचार

# शिकायतों पर डीएम का जिला अस्पताल में छापा



जिला अस्पताल का निरीक्षण करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- इमरजेंसी, ओपीडी और दवा वितरण केंद्र का किया निरीक्षण
- अस्पताल में दवा लेने आए मरीजों से बात करके जानी व्यवस्था

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में बाहरी लोगों के अलावा अराजक तत्वों की शिकायत मिलने के बाद गुरुवार को डीएम ने छापा मारा। उन्होंने बिना आई कार्ड के इमरजेंसी के पास आभा आईडी बना रहे युवक से पूछताछ की। पता लगा कि वह अस्पताल का ही संविदा कर्मचारी है। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों को आईडी कार्ड मुहैया कराए जाएं।

डीएम अविनाश सिंह गुरुवार की सुबह अचानक एडीएम जे देश दीपक सिंह के साथ जिला अस्पताल पहुंच गए। डीएम के आने की सूचना पर डाक्टरों से लेकर स्टाफ तक में खलबली मच गई। डीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं और साफ-सफाई की स्थिति देखकर सुधार करने को कहा। उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी एवं दवा वितरण केन्द्र का निरीक्षण कर सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। डाक्टर और कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की और मरीजों से संवाद कर समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाये, आवश्यक दवाओं की व्यवस्था रहे एवं चिकित्सकीय सेवाओं में सुधार लाया जाए। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, एडीएसआईसी डॉ. रमेश चंद्र दीक्षित मौजूद रहे।

### जिला पूर्ति कार्यालय में भी पहुंचे डीएम

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने गुरुवार सुबह जिला पूर्ति कार्यालय का निरीक्षण किया। डीएम ने पाया कि कुछ लोग सिलेंडर के लिए कार्यालय में आये हुए हैं, जिनमें दो लोग ऐसे थे, जिनके घर में विवाह का कार्यक्रम है। डीएम ने कहा कि शादी के लिए सिलेंडर लेने वाले लोगों का अलग से रजिस्टर बनाएं।

# सीबीगंज में पंजाब पुलिस की दबिश, आरोपी घर छोड़ भागे

**संवाददाता, सीबीगंज**

- धर्मांतरण का शोर उठते ही आरोपी युवक हुआ परिवार के साथ गायब, मकान पर ताले
- हिन्दू संगठनों ने उठाई युवती की जल्द बरामदगी की मांग
- आरोपी के पिता पर दर्ज निकले हैं आपराधिक मामले

**अमृत विचार:** पंजाब से बरेली लाकर कथित रूप से युवती के कथित धर्मांतरण को लेकर हिन्दू संगठन गुस्से में हैं और उसकी जल्द बरामदगी की मांग उठा रहे हैं। देर रात पंजाब पुलिस ने आरोपी की तलाश में थाना सीबीगंज क्षेत्र के गांव सरनिया गांव में दबिश दी। लोकल पुलिस भी गांववालों की सूचना पर पहुंची मगर उससे पहले ही आरोपी परिवार के लोग युवती को लेकर गायब हो गए। घर पर अब ताले पड़े नजर आ रहे हैं।

सरनिया गांव में पंजाब की युवती को लाकर कथित रूप धर्मांतरण का मामला चर्चाओं में है। गांववालों का कहना है कि आरोपी युवक पंजाब में रहकर कारचोबी का काम करता था। वहां से दूसरे समुदाय की युवती को अपने साथ ले आया और यहां उसका धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कर लिया। सूचना के आधार पर पुलिस गांव पहुंची मगर आरोपी और उसके परिवार के लोग गायब मिले। बुधवार रात पंजाब पुलिस ने भ्गाी व में दबिश दी, लेकिन खाली हाथ लौटना पड़ा।

गांव में चर्चा है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी युवक अपने परिवार के साथ युवती को लेकर ऑटो से कहीं चला गया है। निकाह कराने वाला मौलाना भी भूमिगत बताया जा रहा है। हालांकि इस बारे में पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। पुलिस की जांच में आरोपी के पिता पर गौकशी का मामला दर्ज निकला है। युवती को लाने ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हिंजाम युवा के अध्यक्ष हिमांशु पटेल और हिन्दूवादी नेता निर्दोष राठौर ने कहा है कि युवती की बरामदगी कर पुलिस को पूरे मामले से परदा उठाना चाहिए।

### एसएसपी ने जांच में पुलिस को जुटाया



एसएसपी अनुराग आर्य ने मामले को लेकर बताया कि आरोपी के पिता पर दो मामले दर्ज मिले हैं। गायब हुए प्रेमी युगल के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। यदि शिकायत मिलती है तो मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डीडीपुरम में खुले मैनहोल में फंसी कार, एजेंसी पर पांच लाख जुर्माना

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- तीन दिन में सभी मैनहोल बंद करने के निर्देश
- एजेंसी की लापरवाही पर नगर आयुक्त ने दिखाई सख्ती

**अमृत विचार :** सीएम ग्रिड योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य में बड़ी लापरवाही सामने आई है। फेज वन के कार्य के दौरान बुधवार को कुष्ठ आश्रम रोड पर खुले मैनहोल में एक कार फंस गई। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कड़ा रुख अपनाते हुए कार्यदायी एजेंसी अनमोल एसोसिएट पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। मुख्य अभियंता ने एजेंसी को जुर्माना का नोटिस भेज दिया है। बताया गया कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही थी और मेनहोल खुले छोड़ दिए गए थे।

सीएम ग्रिड योजना के पहले फेज में मॉडल टाउन, डीडीपुरम, कुष्ठ आश्रम जैसे मार्गों का चौड़ीकरण, सौन्दर्यीकरण हो रहा है। कार्यदायी एजेंसी द्वारा लगातार लापरवाही और अनदेखी की जा रही है। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि एजेंसी को पहले भी कई बार नोटिस देकर मैनहोल बंद करने के निर्देश दिए जा चुके थे। अब एजेंसी को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि तीन दिन के अंदर मैनहोल और गड्ढों को बंद किया जाए।

साथ ही पूरे क्षेत्र का निरीक्षण कर फोटो और वीडियो के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने बताया कि यदि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई गई तो एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नंदी के मुंह में 5 दिन फंसा रहा डिब्बा, गौसेवकों ने निकाला

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

बिथरी में गौसेवकों ने मुश्किल में फंसे नंदी को रेस्क्यू कर बचा लिया। 5 दिन से गौवंश के मुंह में डिब्बा फंसा था और वह कुछ खा नहीं पा रहा था। घंटों की मशक्कत के बाद मुंह से डिब्बा निकाला जा सका।

हिंदू जागरण मंच के संयोजक गोपी पटेल को स्थानीय लोगों ने मुसीबत में फंसे नंदी के बारे में सूचना दी थी। जानकारी में मिलते ही हिन्दूवादी नेता हिमांशु पटेली, यश, कमल आदि भी पहुंच गए। सभी ने मिलकर शाम 6 बजे बचाव अभियान शुरू किया। गौवंश को पकड़ना चुनौतीपूर्ण था। चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गौवंश को पकड़कर मुंह में डिब्बा निकाला गया। बताया गया है कि एक शादी हॉल में कार्यक्रम के बाद मक्खन का खाली डिब्बा बाहर फेंक दिया था, जो चाटते में गौवंश के मुंह में फंस गया था।



- बिथरी में कई घंटे मशक्कत के बाद किया रेस्क्यू ,शादी हाल के बाहर फेंका डिब्बा बना मुसीबत

## साइबर ठगी का पैसा ट्रांसफर कराने वाले गैंग का खुलासा

**बरेली / बहेड़ी, अमृत विचार :** पुलिस ने साइबर ठगों के मददगार एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके दो साथियों की तलाश की जा रही है। ठगी के पैसे को खातों में ट्रांसफर करने वाले गैंग का पुलिस को पता चला। यह लोग दूसरे प्रदेश में काम कर रहे ठगों का पैसा दूसरे लोगों के खातों में ट्रांसफर कर देते थे व बदले में इनको कमीशन के रूप में अच्छा पैसा मिलता था। पुलिस ने बहराइच, तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना से पोर्टल पर आई चार शिकायतों के बाद जांच की तो बाजपुर जोखनपुर गांव के विवेक गंगवार व संतोष के नाम सामने आए। पुलिस ने विवेक को बाजपुर जोखनपुर के बंद पड़े कोल्हू के पास से दबोच लिया। विवेक ने बताया कि संतोष के जरिए गांव के पुष्पेंद्र के साथ फ्राड का पैसा दूसरों के खाते में डालकर निकाला था।

# सिस्टम सोता रहा, बेटियों के मैदान पर कब्जा होता रहा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- रात में जमीन के चारों ओर बनाई जाती थी दीवार
- दिन के समय कलेक्ट्रेट के अंदर घूमते दिखते थे आरोपी

**अमृत विचार:** वैसे तो स्मार्ट सिटी का दिल कहे जाने वाला सिविल लाइंस रात में भी जागता है मगर मैथोडिस्ट गर्ल्स कॉलेज के बेशकीमत खेल मैदान पर कब्जे के समय किसी की नींद नहीं टूटी थी। सिस्टम ने आंखें मूंद रखीं थी और षड्यंत्र में शामिल लोगों ने रात-रात भर जागकर 'मिशन कब्जा' पूरा किया था। मैदान के सबसे कीमती हिस्से को अनयूज्ड बताकर चारों ओर लाल दीवार खड़ी कर दी गई थी। मामला अखबारों और सोशल मीडिया की सुर्खियां बना था लेकिन तुरंत ही लिखित शिकायत को कोई आगे नहीं आया था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि खेल मैदान के एक बड़े हिस्से पर चारों ओर चाहरदीवारी खड़ी कर गेट लगाने तक अवैध कब्जे में शामिल कुछ प्रभावशाली लोग हर समय निगरानी में जुटे रहे थे। कुछ तो दिन में कचहरी और कलेक्ट्रेट में मुस्तैद भी दिखते थे। कथित रूप से मौके पर फर्जी वर्दीधारी भी जुटाए जाते थे। बाद में मामले की शिकायत शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी से हुई और फिर मामला उच्चाधिकारियों तक भी पहुंचा। तत्कालीन मंडलायुक्त सोम्या अग्रवाल ने प्रकरण को गंभीरता से लेकर तुरंत ही वरिष्ठ अधिकारियों की जांच कमेटी गठित कर दी थी। कमेटी ने जैसे-जैसे छानबीन आगे बढ़ाई, षड्यंत्र की परतें खुलती रहीं। चर्चा ये भी है कि बेशकीमती जमीन को आगे बेचने की तैयारी चल रही थी मगर आर्थिक गणित बहुत मोटा होने की वजह से बड़ा खरीददार नहीं मिल पा रहा था। दूसरा, जांच की आंच के डर से सौदेबाजी का खेल अटकता चला आ रहा था।



कॉलेज की इस जमीन पर किया गया था कब्जा। ● अमृत विचार

### आरोपी सुनील मसीह बोले, कुछ गलत नहीं हुआ



मैथोडिस्ट मामले में आरोपी बनाए गए संस्था से जुड़े सुनील मसीह ने विवाद पर अपना बयान दिया है। उनका कहना है कि जमीन को सभी तरह की प्रक्रिया कर करके दिया गया है। कमेटी ने हर मानक को पूरा किया है। यदि वहां पर कोई डवलपमेंट प्रोजेक्ट बन रहा है तो इसमें बुराई क्या है। स्कूल भी मैथोडिस्ट चर्च के अंदर आता है।वहां की जमीन भी मैथोडिस्ट चर्च की है। यह सब हमें परेशान करने के लिए किया जा रहा है।

### एसपी सिटी ने कहा, साक्ष्यों के आधार पर होगी कार्रवाई



कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस मामले में जांच के बाद रिपोर्ट हुई है। मामले में साक्ष्य के हिसाब से आगे भी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

– एसपी सिटी, मानुष पारीक

## सिटी ब्रीफ

### दस्तक अभियान आज से शुरू होगा

बरेली, अमृत विचार : जिले में शुक्रवार से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। आशा कार्यकत्री घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों के लक्षण, बचाव और उपचार के प्रति जागरूक करेंगी। हीट वेव से बचाव की भी जानकारी देंगी। इस संबंध में गुरुवार को तीन सौ बेड अस्पताल में आशाओं को प्रशिक्षण दिया गया। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि गुरुवार को आखिरी बैच का प्रशिक्षण था। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ अजमेर सिंह मौजूद रहे।

### जूनियर बालिका बास्केट बॉल टीम का चयन

बरेली, अमृत विचार : बरेली की जूनियर बालिका बास्केटबॉल टीम 11 से 14 अप्रैल तक प्रयागराज में होने वाली राज्य चैंपियनशिप में भाग लेगी। टीम में काशिश शर्मा, माही बंसल, स्तुति बंसल, तेजस्विनी, वैष्णवी, कनिका भाटिया सियोना, परी, आरोही कक्कड़, काशिश गुप्ता, नंदिनी, श्रेया का चयन हुआ। बरेली बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव सोनू श्रोत्रिय ने बताया कि टीम 10 अप्रैल को रवाना होंगे।

# उर्स में न हो नई परंपरा, व्यवस्थाएं करें दुरुस्त

## उर्स ए ताजुश्शरिया की तैयारियों को लेकर लेकर डीएम, एसएसपी ने कोर कमेटी के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता, बरेली



उर्स को लेकर बैठक करते डीएम, एसएसपी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** 24 और 25 अप्रैल को होने वाले उर्स ए ताजुश्शरिया को लेकर गुरुवार दोपहर डीएम ने विकास भवन सभागार में एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों और उर्स की कोर कमेटी के साथ बैठक की। डीएम ने कहा कि उर्स के दौरान किसी तरह की कोई नई परंपरा न डाली जाए। अधिकारियों को समय से सभी तैयार पूरी करने के निर्देश दिए।

डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि अग्निशमन व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत, पानी की व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। बाहर से आने वाले जायरीन के रुकने की व्यवस्था पहले की तरह रहेगी, किसी तरह की कोई नई परंपरा नहीं की जाए। कोर कमेटी से कहा कि कोई समस्या हो तो कंट्रोल रूम के माध्यम से या अपर जिलाधिकारी नगर को भी जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि वालंटियरों की पहचान के लिए कार्ड भी दिए जाएं। एसएसपी अनुराग आर्य ने आयोजकों से कहा कि किसी व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता है तो बताइये। जिस पर बताया गया कि उर्स के दौरान मोबाइल चोरी की घटनायें काफी होती हैं, इस पर ध्यान रखा जाये। एसपी ने कहा कि साइबर फ्राड बहुत बढ़ गये हैं इसके लिए समय-समय पर एनाउन्समेंट करें और ऐसा होने पर साइबर अपराध हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर तत्काल खाता फ्रीज करायें।

- 24, 25 अप्रैल को होंगे कार्यक्रम देश-विदेश से बड़ी संख्या में अकीदतमंद होंगे शामिल

एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान ने बताया कि उर्स में बाहर से आने वाले जायरीन के लिए ट्रैफिक और पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी। डायवर्जन पूर्व से निश्चित है अगर आवश्यकता होगी तो और मार्गों पर भी रूट डायवर्जन किये जायेंगे। एसपी सिटी मानुष पारीक ने कहा कि आजमनगर और कोहाड़ापीर से परचम कुशाई रिकार्ड में दर्ज है। ऐसे में अब कोई नई परंपरा न शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे पर्याप्त संख्या में लगवाये जाएं, वालिंटियरों की सूची मोबाइल नंबरों के साथ पुलिस को उपलब्ध करा दी जाये और रास्तों में दुकानें न लगने दी जाएं। अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे ने कहा 25,26,27 अप्रैल को होमगार्ड की परीक्षा भी है। ऐसे में दोनों कार्यक्रम भली प्रकार से सम्पन्न हों ऐसा समन्वय बनाकर रखा जाएगा।

बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण, उर्स कोर कमेटी के डा. मेहंदी हसन, हाफिज इकराम, मौलाना इंतिजार, शमीम अहमद, अब्दुल्लाह रजा खां, मौलाना निजामुद्दीन, कौसर अली, यासिन ख़ान साहिल अली, शीबुद्दीन रज़वी, मौहम्मद करीम उद्दीन आदि मौजूद रहे।

### युद्धविराम होने के बाद खाड़ी देशों के जायरीन उर्स में हो सकेंगे शामिल

बरेली, अमृत विचार : अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद अब खाड़ी देशों के जायरीन उर्स में शामिल हो सकेंगे। युद्ध के चलते खाड़ी देशों के उर्स में शामिल होने पर संकट के बादल मंडरा रहे थे, लेकिन अब विदेशी जायरीन के उर्स में शामिल होने की संभावना बढ़ गई है। 24 और 25 अप्रैल को होने वाले उर्स-ए-ताजुश्शरिया का आयोजन दरगाह ताजुश्शरिया और मथुरापुर मदरसे में किया जाएगा। उर्स में शामिल होने के लिए दुबई, कुबैत, सऊदी अरब समेत अन्य खाड़ी देशों से जायरीन पहुंचते हैं। दरगाह की तरफ से भी सोशल मीडिया, ईमेल व डाक के माध्यम से देश-विदेशों में उर्स के निमंत्रण भेजे जा रहे हैं। जमात रजा ए मुस्तफा के मोईन खान ने बताया कि उर्स के निमंत्रण देश विदेश में भी भेजे गए हैं। हर बार बड़ी संख्या में विदेशी जायरीन उर्स में शिरकत करते हैं। इस बार भी बाहर के जायरीन उर्स में आने के लिए उर्स कमेटी से संपर्क कर रहे हैं।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में चुने पदाधिकारी


बैठक में विधायक संजीव अग्रवाल व संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के रोटरी भवन में आयोजित कार्यक्रम में महानगर युवा इकाई व मंडल इकाई का गठन किया गया।

महानगर युवा अध्यक्ष रौनक सिंह बनाए गए। प्रभजोत सिंह महामंत्री और खुशहाक थरेजा कोषाध्यक्ष नियुक्त हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष और मंत्री पदों की भी घोषणा की गई। युवा मंडल में विशाल सक्सेना को अध्यक्ष और सूर्या प्रकाश सक्सेना को महामंत्री बनाया गया। मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि व्यापारी हितों के लिए कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं में ई-नाम, जीईएम पोर्टल, मुद्रा योजना और एमएसएमई नीतियों का उल्लेख करते हुए व्यापार सुगमता बढ़ने की बात कही। महानगर जिला अध्यक्ष देवेन्द्र जोशी ने संगठन की एकजुटता पर जोर दिया। महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना ने व्यापारियों के सम्मान, सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र उड़न दस्ते के गठन की घोषणा की। संचालन वरिष्ठ महामंत्री मनोज अरोड़ा ने किया।

- विधायक संजीव अग्रवाल ने व्यापारी हित की योजनाएं बताईं

# निजी स्कूलों की मनमानी के विरोध में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली


ज्ञापन देने जाते शिवसेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोर्स, फीस, यूनिफार्म को लेकर निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ शिवसेना ने गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को देकर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था विशेषकर प्राइवेट एवं पब्लिक स्कूलों में पूरी तरह से व्यवसाय का रूप ले चुकी है। सरकारी विद्यालयों में शिक्षा स्तर संतोषजनक न होने के कारण अभिभावक मजबूर होकर अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाते हैं। इसका फायदा उठाते हुए निजी स्कूल प्रबंधन अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि प्राइवेट स्कूल हर साल पुनः एडमिशन शुल्क ले रहे हैं, पाठ्यपुस्तकों में भारी कमीशनखोरी कर रहे हैं और ड्रेस एवं स्टेशनरी में लूट मचा रखी है। इसके अलावा, मनमानी फीस संरचना के कारण मध्यम वर्ग के अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। स्वामी शैलेंद्र नंद, विश्व प्रताप सिंह, विनोद मिश्रा, संतोष सिंह, आशीष शर्मा, सोनू सिंह, रूबी मिश्रा, आराध्या रुद्रांशी, मधु पाठक, ज्योति कश्यप, लक्ष्मी शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

- शिवसेना ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

# जनगणना को लेकर कैंटोनमेंट बोर्ड में बैठक

**बरेली, अमृत विचार :** कैंटोनमेंट बोर्ड के कार्यालय में गुरुवार को जनगणना की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। जनगणना कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

डीएम के निर्देशों के अनुपालन में आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसमें जनगणना कार्य के लिए बैंक खाता खोलना, प्रगणक व सुपरवाइजर की नियुक्ति समेत हाउस लिस्टिंग ब्लॉक की मार्किंग का कार्य पूरा करना शामिल है। सीईओ डॉ. तनु जैन ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करें।

# भारत-ईरान का रिश्ता हमेशा से अच्छा: अब्दुल मजीद

कार्यालय संवाददाता, बरेली


कार्यक्रम में अब्दुल मजीद हकीम इलाही के साथ अन्य सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही बुधवार की देर रात शहर में एक मजलिस में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान के रिश्ते हमेशा से ही बेहतर रहे हैं।

फतेह अली शाह काला इमामबाड़ा में पांचवीं मजलिस का आयोजन मौलाना समर हैदर आब्दी की तरफ से किया गया। जिसमें शामिल होने आए अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने कहा कि भारत हमेशा से अमन पसंद देश रहा है। भारत और ईरान का रिश्ता हमेशा अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया की बड़ी ताकतें आधुनिक हथियारों के दम पर शक्ति का प्रदर्शन कर सकती हैं, लेकिन अंतिम फैसला परवरदिगार का ही होता है। उन्होंने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों की आलोचना की। मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि काला इमामबाड़े में ईरान के मिनाब शहर में एक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए बच्चों की तस्वीरें भी प्रदर्शित कीं और खिराजे अकीदत पेश की। कार्यक्रम में भावनात्मक माहौल रहा और लोगों ने शहीदों की याद में दुआएं भी कीं।

- ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम पहुंचे शहर

### मौलाना शहाबुद्दीन अब्दुल मजीद से मिले

ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही से आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने मुलाकात की। मौलाना ने कहा कि भारत की जनता ईरान का समर्थन करती है और अमेरिका व इजराइल द्वारा बमबारी में शहीद किये गये लोगों पर दु:ख का इजहार करती है। अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त है। हम इस दोस्ती को और मजबूती देना चाहते हैं।



# पीआरडी जवानों ने जताया आक्रोश

**बरेली, अमृत विचार :** प्रांतीय रक्षा दल (पीआरडी) के जवानों ने गुरुवार को विकास भवन स्थित जिला कार्यालय और ड्यूटी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया।

जवानों का आरोप है कि 1 अप्रैल से उनकी ड्यूटी नहीं लगाई जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान जवानों ने नारेबाजी भी की। जवानों का कहना है कि वे लंबे समय से नियमित रूप से ड्यूटी कर रहे थे, लेकिन अचानक बिना किसी स्पष्ट कारण के उनकी ड्यूटी बंद कर दी गई। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि उनकी ड्यूटी तत्काल बहाल की जाए और आगे नियमित रूप से लगाई जाए। कहा कि उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को तेज करेंगे। अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं पर विचार कर जल्द समाधान निकाला जाएगा।

# टेबल टेनिस टूर्नामेंट 13 से

**बरेली, अमृत विचार:** जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन से संबद्ध स्मैशर्स टेबल टेनिस अकादमी की ओर से बसंत कुमार रोहतगी मेमोरियल इंटर स्कूल टीम चैंपियनशिप एवं ओपन डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस टूर्नामेंट-2026 का आयोजन 13 और 14 अप्रैल को स्पोर्ट्स स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हॉल में होगा। टूर्नामेंट में इंटर स्कूल टीम चैंपियनशिप के साथ ओपन डिस्ट्रिक्ट मुकाबले भी होंगे।

# बारिश से गेहूं को नुकसान का सर्वे शुरू

- डीएम ने सभी तहसीलों से जमीनी स्तर पर सर्वे कर रिपोर्ट मांगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बुधवार को जनपद में हुई बारिश से गेहूं की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। भीगने से गेहूं का दाना भी कमजोर हो जाएगा। डीएम ने फसल को नुकसान का सर्वे शुरू करा दिया है।

डीएम ने जल्द सर्वे रिपोर्ट मांगी है ताकि पीड़ितों को मुआवजा दिलाया जा सके। दरअसल, 33 प्रतिशत फसल नुकसान पर ही मुआवजा देने का प्रावधान है, लेकिन छोटे किसान की थोड़ी फसल नष्ट हो गई तो सर्वे में उसे शामिल किया जा सकता है। एडीएम एफआर संतोष कुमार सिंह ने भी सभी एसडीएम और तहसीलदारों को सर्वे रिपोर्ट जल्द देने के निर्देश दिए।

### कांग्रेसियों ने किसानों से की मुलाकात



बरेली, अमृत विचार : महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिनेश दद्दा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को खजुरिया घाट व पहाड़गंज में ओलावृष्टि व बारिश से प्रभावित किसानों से मुलाकात की। आरोप लगाया कि बीमा कंपनियां किसानों से प्रीमियम वसूल रही हैं, लेकिन नुकसान होने पर न तो समय पर सर्वे किया जा रहा है न ही मुआवजा दिया जा रहा है। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, रमेश श्रीवास्तव, उल्फत कठेरिया, डॉ. हरीश गंगवार, जीशान अफरीदी, कैफ खान, पिंटू कुलश्रेष्ठ, रोहित मौर्य, अंकित मौर्य, सन्नी सिंह, रेहान बसीरी आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### स्कूल चलो अभियान को जागरुकता रैली निकाली



बरेली, अमृत विचार : स्कूल चलो अभियान के तहत गुरुवार को पूर्व प्राथमिक विद्यालय बढ़ेपुरा से कक्षा 8 उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सूची प्राप्त कर राजकीय हाई स्कूल बढ़ेपुरा में कक्षा 9 में प्रवेश के लिए एक रैली निकालकर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान अभिभावकों से बच्चों का दाखिला विद्यालय में कराने की अपील की गई। प्रधानाचार्य अर्चना राजपूत के निर्देशन में रैली निकाली गई। रैली में पूर्व प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमरुद्दीन, राजकीय हाई स्कूल बढ़ेपुरा की शिक्षिका नीलम रस्तोगी, दीपाली मिश्रा शामिल हुईं।

### सतीश खट्टर को प्रथम पुण्य तिथि पर दी श्रद्धांजलि



बरेली, अमृत विचार : सतीश खट्टर की प्रथम पुण्य तिथि पर हरि मंदिर मॉडल टाउन में गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके समाज सेवा के कार्यों को याद किया। सुबह 9 बजे से प्रसाद वितरित कर भंडारा किया गया। इस दौरान हरि मंदिर प्रधान सुशील अरोरा, सचिव रवि छाबड़ा, डॉक्टर अजय भारती उपस्थित रहे।

### हज यात्रियों ने विशेष ट्रेनिंग कैंप में सीखे अरकान




बरेली, अमृत विचार : हज के मुकद्दस सफर की तैयारी अंतिम चरण में है। हज के अरकान की जानकारी देने के लिए बरेली हज सेवा समिति ने कटरा मानराय में विशेष ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया, जिसमें जिले के हज यात्रियों ने शिरकत की। समिति के संस्थापक पम्मी खां वारसी ने कहा कि सफर-ए-हज को आसान बनाने और बारीकियों को समझने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष अहमद उल्लाह वारसी ने कहा कि दिल्ली से हज यात्रियों की पहली फ्लाइट 18 अप्रैल से शुरू होगी। वहीं लखनऊ से फ्लाइट 22 अप्रैल से हज के लिए रवाना होगी। हज ट्रेनर हाजी यासीन कुरैशी ने आजमीन ए हज को 5 दिनों के हज के अरकान और दुआओं को सिखाया। प्रवक्ता हाजी सय्यद असद, सैफ वली खां आदि मौजूद रहे।

### दिल्ली में बैठक में राजेंद्र गुप्ता ने व्यापारियों की समस्याएं रखीं



बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की बैठक दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में राष्ट्रीय चेयरमैन सुनील सिंघी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विभिन्न राज्यों के सदस्यों ने भाग लिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बरेली से मनोनीत सदस्य राजेंद्र गुप्ता और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय संयुक्त महामंत्री राजेश जसोरिया ने विशिष्ट आमंत्रित अतिथि के रूप में सहभागिता की। बैठक में व्यापारियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय चेयरमैन ने ओएनसीडी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए छोटे व्यापारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सशक्त बनाने पर जोर दिया। राजेंद्र गुप्ता ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने 10 किलोमीटर तक वाणिज्यिक वाहनों के लिए टोल पास की व्यवस्था लागू करने की मांग की। उन्होंने जीएसटी दरों में असमानता का मुद्दा भी उठाया। प्रत्येक जिले में एमएसएमई फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित करने की भी मांग रखी।

# विजय अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि

**बरेली, अमृत विचार:** हिंदू सोशल ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं समाजसेवी विजय अग्रवाल के निधन पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण सोसायटी ने गुरुवार को शास्त्री नगर कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी।

चित्रकार डॉ महेंद्र कुमार सक्सेना व भाजपा नेता अनिल कुमार ने विजय अग्रवाल को बरेली की शान बताया। सतीश कुमार सिंह, रफत अली, रमाशंकर सक्सेना, बसंत कुमार कश्यप, केसर खान वारसी, संतोष कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# निवेशकों से किया संवाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जनपद स्तरीय निवेशक समस्या समाधान एवं संवाद बैठक का आयोजन गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें निवेश को बढ़ावा देने और निवेशकों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निवेश से जुड़े सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही, प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर बल दिया गया। निवेशकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी अपेक्षाओं, सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में निवेश बढ़ने से रोजगार के अवसर सृजित होंगे और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खां, एडीएम सिटी आदि मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन कॉलेज में मैनेजमेंट फेस्ट समाप्त


जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल का स्वागत करते प्रबंधक। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** महाराजा असेन महाविद्यालय के बीबीए विभाग की ओर से आयोजित मैनेजमेंट फेस्ट का समापन हो गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मिपटेल, विशिष्ट अतिथि डॉ. शिल्पी दीक्षित सीईओ डिजिटल मंत्रा, महाराजा अग्रसेन शिक्षा समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र अग्रवाल, शिक्षा उन्नयन समिति के अध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल, निदेशक डॉ. प्रवीन कुमार अग्रवाल, बीबीए विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक निशा परवीन, सह समन्वयक शोभित अग्रवाल, मंयक शर्मा एवं रितु सिंह ने स्टूडेंट का हौसला बढ़ाया। प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने प्रायोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में चीफ प्राक्टर डॉ. विपुल मेहरोत्रा, डॉ. सोनल अग्रवाल, डॉ. रेशू जौहरी, प्रथमेश कुमार, डॉ. आरती बंसल, डॉ. सुमित अग्रवाल, डॉ. पूजा अग्रवाल, डॉ. गुंजन अग्रवाल, अजीत सिंह, संचित कक्कड़, धीरज असवाल, प्रफुल्ल पाठक, चन्द्र प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

- प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित



## सिटी ब्रीफ

### स्कूली वाहनों को नोटिस देकर सुधार के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार** : निजी स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र शुरू हो गया है। परिवहन विभाग की टीमों ने स्कूलों में जाकर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी है। अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक चिकित्सा किट समेत अन्य चीजें देखी जा रही हैं। कमियां मिलने पर नोटिस देकर सुधार के निर्देश दिए जा रहे हैं। आरआई हारुन सैफी ने बताया कि जहां कोई कमी मिल रही है तो नोटिस देकर उसमें सुधार करने को कहा गया है। अगर सुधार नहीं किया तो संबंधित स्कूल और वाहन चालकों पर कार्रवाई की जाएगी।

### पौधे रोपकर किया जागरूक

**बरेली, अमृत विचार** : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की महिला संभाग की जिलाध्यक्ष रश्मि प्रधान ने गुरुवार को कॉलोनी में पौधरोपण कर जागरूक किया। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, कायस्थ महासभा पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना कातिब, जिलाध्यक्ष अश्विनी कमठान, डॉ. सुबोध अस्थाना, रवि सक्सेना, आशीष सक्सेना, बबिता रेक्रीवाल, किरन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालय में ऊर्जा बचत का दिया संदेश

**बरेली, अमृत विचार** : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में गुरुवार को कुलपति प्रो. केपी सिंह ने व्यक्तिगत स्तर पर पेट्रोल–डीजल आधारित वाहनों का उपयोग बंद कर बैटरी चालित ई–कार्ट से आवागमन शुरू किया है। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण को सामाजिक जिम्मेदारी बताया।

# कीर्तन दरबार में गुरुवाणी सुन संगत निहाल

## रागी जत्थे ने जपिओ जिनि अर्जन देव गुरु फिर संकट जोनि गरभ न आइओ सुनाकर किया मुग्ध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गुरु गोविंद सिंह नगर में पंचम पातशाह गुरु अर्जुन देव के पावन प्रकाश पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रहिरास साहिब के पाठ से हुई। इसके बाद दरबार में रागी जत्थों ने गुरबाणी कीर्तन कर संगत को भाव-विभोर कर दिया।

हजूरी रागी भाई हरमीत सिंह ने जपिओ जिनि अर्जन देव गुरु फिर संकट जोनि गरभ न आइओ शबद का गायन किया। वहीं, पंथ प्रसिद्ध कीर्तनी भाई सहिजदीप सिंह ने विभिन्न रागों में गुरबाणी से संगत को मुग्ध कर दिया। उन्होंने साहिबजादा बाबा जुझार सिंह के जन्मदिवस को समर्पित शबद जमिया पूत भगत गोविंद का भी प्रस्तुत किया। ज्ञानी जी ने बताया कि गुरु अर्जुन देव का जन्म 1563 में गुरु रामदास और माता भानी के घर हुआ था। उन्होंने 1604 में श्री हरमंदिर साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का संपादन पूर्ण किया। तरनतारण, करतारपुर सहित कई नगर बसाए। अरदास और हुकुमनामा के उपरांत सुखासन की सेवा हुई। संगत ने पंक्ति में बैठकर गुरु का लंगर ग्रहण किया।



कीर्तन करता रागी जत्था। ● अमृत विचार



कीर्तन दरबार में श्रद्धा भाव से बड़ी संख्या में शामिल संगत। ● अमृत विचार

- गुरुद्वारा गुरु गोविंद सिंह नगर में गुरु अर्जुन देव का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया
- कीर्तन दरबार के बाद संगत ने लंगर छक कर लिया गुरु साहिब का आशीर्वाद

संचालन मलिक सिंह कालड़ा ने किया। प्रबंधक कमेटी ने संगत को प्रकाश पर्व और बाबा जुझार सिंह के जन्मदिन की बधाई दी। बताया गया कि शुक्रवार को अलौकिक अखंड कीर्तन दरबार आयोजित होगा जिसमें कनाडा से भाई प्रितपाल सिंह जत्थे सहित पहुंचेंगे। बैसाखी पर्व 14 अप्रैल को खालसा ग्राउंड में और 15 अप्रैल को अमृत संचार का आयोजन किया जाएगा।

## बरेली से ननकाना साहिब के लिए संगत रवाना

**बरेली, अमृत विचार** : गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सुभाष नगर से गुरुवार को जत्था बैसाखी महोत्सव में भाग लेने के लिए पाकिस्तान स्थित ननकाना साहिब रवाना हुआ। आरंभ अरदास के साथ हुआ। ग्रंथी ने सुखद एवं सफल यात्रा के लिए प्रार्थना की।

जत्था 10 अप्रैल को वाघा बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान पहुंचकर ननकाना साहिब जाएगा। इसके बाद संगत हसन अब्दाल स्थित गुरुद्वारा पंजा साहिब, करतारपुर साहिब और लाहौर स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन करेगी। 14 अप्रैल को खालसा साजना दिवस के मुख्य समारोह में भाग लिया जाएगा। 19 अप्रैल को जत्था भारत वापसी करेगा। जत्थे का नेतृत्व मुख्य सेवादार साहिब सिंह होरा, इंदरपाल सिंह गोल्डी, जितेंद्र सिंह और सुनीता खुराना कर रहे हैं। गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष मनजीत सिंह नागपाल ने संगत को सम्मानित किया। महासचिव परदमन सिंह ने यात्रा के दौरान अनुशासन, सुरक्षा और आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान अमरीक सिंह, गुरविंदर सिंह, मिंटू चावला, हरप्रीत सिंह गोलू, अमरप्रीत सिंह होरा, हरभजन सिंह मोंगा, भूपिंदर सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



पाकिस्तान के ननकाना साहिब रवाना होता जत्था। ● अमृत विचार

# बरेली कॉलेज में रील बनाने वाले तीन छात्रों को चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- परिसर में वीडियो बनाना प्रतिबंधित, उल्लंघन पर निलंबन की चेतावनी
- कॉलेज परिसर में बिना पहचान पत्र प्रवेश न करने और वाहन स्टैंड पर खड़े करने की हिदायत

**अमृत विचार**: बरेली कॉलेज प्रशासन ने परिसर में अनुशासन बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाते हुए रील और वीडियो बनाने पर पूर्ण प्रतिबंध कर दिया है। बुधवार को कॉलेज परिसर में दो छात्राओं और एक छात्र को रील बनाते हुए पकड़ा गया। जिनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई की जानकारी कॉलेज परिसर में गुरुवार को अनाउंसमेंट के माध्यम से दी गई। ताकि अन्य छात्र-छात्राएं नियमों का पालन करें।

पकड़े गए छात्रों में बीए चतुर्थ सेमेस्टर के सोहेल हुसैन और बीए चतुर्थ सेमेस्टर दो अन्य छात्राएं भी शामिल थीं। कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस तरह की गतिविधि में शामिल पाए जाने पर निलंबन सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी। चीफ प्रॉक्टर प्रो. इंद्रीवर सिंह चौहान ने बताया कि कॉलेज परिसर में नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सभी छात्र-छात्राओं को अपनी बाइक व साइकिल निर्धारित स्टैंड पर ही खड़ी करने तथा बिना पहचान पत्र के परिसर में प्रवेश न करने की हिदायत दी गई है।

### बैठने का कारण पूछने पर भागे युवक-युवती

कॉलेज परिसर में सुरक्षा जांच के दौरान एक अन्य मामले में बेंच पर बैठे एक लड़का और एक लड़की से सुरक्षाकर्मियों ने बैठने का कारण पूछते हुए पूछताछ की। सुरक्षा कर्मी के पूछने पर दोनों वहां से भाग गए और जल्दबाजी में लड़का अपना मोबाइल फोन मौके पर ही छोड़ गया। बाद में सुरक्षा कर्मी के द्वारा पूछने पर लड़के ने अपना नाम बदलकर बताया। सुरक्षाकर्मियों ने फोन को कार्यालय में जमा कराया। चीफ प्रॉक्टर प्रो. इंद्रवीर सिंह चौहान के अनुसार सूचना देने के बाद गुरुवार को संबंधित युवक के भाई ने कार्यालय पहुंचकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर फोन प्राप्त कर लिया।

# नवाबगंज के राजकीय कृषि फार्म पर बनेगा एंप्लायमेंट जोन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला प्रशासन ने शासन को भेजा प्रस्ताव, 112 एकड़ भूमि चिह्नित

**अमृत विचार**: राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरदार वल्लभ भाई पटेल एंप्लायमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन विकसित करने के लिए नवाबगंज में राजकीय कृषि फार्म की112 एकड़ भूमि चिह्नित की गयी है। डीएम अविनाश सिंह ने प्रस्ताव शासन को भेजा है।

इस योजना के पीछे राज्य सरकार का ऐसा मेगा प्लान है, जिसमें जिले में सौ एकड़ जमीन पर ''प्लग-एंड-प्ले'' फैक्ट्रियां, स्किल सेंटर और स्टार्टअप हब स्थापित किए जा सकें। लंबे समय से भूमि चयन करने की प्रक्रिया चल रही थी। कुछ माह पहले नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य ने इस भूमि पर एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन बनाने का प्रस्ताव डीएम को दिया था, जिस पर भूमि की पैमाइश कराने के साथ उसकी जांच करायी गयी। भूमि कृषि विभाग के फार्म की निकली। मामला पेच फंसते देख डीएम ने भूमि के अभिलेखों की जांच करायी। नवाबगंज एसडीएम उदित पवार ने भूमि की जांच रिपोर्ट डीएम को भेजी। जिसमें बताया कि ग्राम बहोर नगला, रिछौला किफायतुल्ला एवं ग्रेम गांव में कृषि विभाग की भूमि है, जिसका उपयोग कृषि के लिए किया जा रहा है। कृषि फार्म के आसपास की भूमि अर्जन करने पर भी विचार किया गया। 60 गाटों की भूमि चिह्नित की गयी है। इधर, डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि एम्प्लॉयमेंट जोन के लिए चिह्नित भूमि जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर नेशनल हाईवे पर स्थित है।

## लायंस क्लब के कैंप में 52 यूनिट रक्त संग्रहित

**बरेली, अमृत विचार**: लायंस क्लब बरेली मेल्विन जॉन्स की ओर से गुरुवार को डोहरा रोड स्थित एक रिजॉर्ट में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। उद्घाटन कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने किया। कैंप में 52 लोगों ने रक्तदान किया।

कैंप में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) से डॉ. सेठी एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। कुल 60 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया, जिनमें से 52 लोग योग्य पाए गए। कई सदस्यों ने अपने परिवार के साथ रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। संयोजक लायन कुमार, क्लब अध्यक्ष लायन नरेश खंडेलवाल, सचिव लायन मुकेश गोयल, लायन अरुण भार्गव, डॉ. सुबोध दीक्षित, लायन धीरज अग्रवाल, लायन विनोद खेतान, लायन मुकेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

# पंजाबी वैवाहिक परिचय सम्मेलन में 260 युवक-युवतियों का पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : पंजाबी सेवा कल्याण समिति की ओर से पंजाबी वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन गुरुवार को मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर बरात घर में किया गया। जिइसमें 260 युवक-युवतियों का पंजीकरण हुआ।

सम्मेलन में 15 संभावित वैवाहिक संबंधों की शुरुआत होना आयोजन की प्रमुख उपलब्धि रही। अतिथियों ने इसे समाज के लिए उपयोगी पहल बताते हुए सराहना की। मुख्य अतिथि डॉ. विनोद पागरानी ने पंजाबी समाज के संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित किया। अन्य अतिथियों ने ऐसे आयोजनों को सामाजिक संबंधों को मजबूत करने और युवाओं को उचित मंच देने वाला बताया। अध्यक्ष सतीश लुनियाल ने कहा कि समिति 26 वर्षों से इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रही है। संचालन में महिला इकाई की भूमिका रही। महामंत्री लोकेश कालड़ा ने आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार एडवोकेट, पवन सक्सेना, महामंत्री लोकेश कालड़ा, महिला इकाई अध्यक्ष इंदु सेठी, सचिव नीलम बत्रा, दर्शन लाल भाटिया, सतपाल अरोड़ा, वीरेंद्र अटल, राजकुमार लुनियाल, डॉ. अजय कक्कड़, हरीश सेठी, मनोज लुनियाल, होशियार सिंह, तिलक राज डिसूजा, जनकराज अरोड़ा, मधुर वीणा अरोड़ा, सरदार जसपाल सिंह दुआ, पूर्व उप सभापति अतुल कपूर आदि मौजूद रहे।



सम्मेलन में परिचय देतीं युवतियां, साथ में समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- 15 रिश्ते तय होने की संभावना पंजाबी सेवा कल्याण समिति ने किया आयोजन

# उप चुनाव घोषित नहीं होने से दावेदारों में छाई मायूसी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली नगर निगम में तीन पार्षदों के निधन के बाद सीटें चल रही हैं रिक्त
- राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय के उप चुनाव की घोषणा की लेकिन उसमें बरेली नहीं

**अमृत विचार**: राज्य निर्वाचन आयोग ने हाल ही में प्रयागराज नगर निगम के अलावा बदायूं, शाहजहांपुर नगर निकायों में उप चुनाव की अधिसूचना जारी की है। इसमें बरेली नगर निगम और 19 निकाय शामिल नहीं हैं। बरेली नगर निगम में तीन पार्षद और निकायों में एक दर्जन से ज्यादा सभासद की सीटें रिक्त हैं। उप चुनाव की उम्मीद पाले दावेदारों में मायूसी छा गई है।

बरेली के वार्ड संख्या तीन छोटी विहार की पार्षद संजू देवी, वार्ड संख्या 50 जनकपुरी के पार्षद आर्यंद्र अरोड़ा कुक्की, वार्ड संख्या 66 बजरिया पूरन मल के पार्षद संजय राय का काफी समय पहले निधन हो गया। इन सीटों पर विभन्न दलों के कई दावेदार उप चुनाव का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से 7 और 8 अप्रैल की अधिसूचना में बरेली का नाम शामिल न होने पर दावेदार निराश हो गए। सहायक निर्वाचन अधिकारी सतीश मौर्य ने बताया कि बरेली में उप चुनाव कराने को लेकर अधिसूचना जारी नहीं हुई है। आगे कब होगी, इस संबंध में कुछ नहीं कहा जा सकता है।

## सिटी डायरी

### उपप्राचार्य बनने पर प्रो. वंदना शर्मा को किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज की उपप्राचार्य बनने पर प्रो. वंदना शर्मा का बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रतिकुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल के आवास पर सम्मान किया गया। प्रो. वसीम बरेलवी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. अशोक अग्रवाल, डॉ. किरण अग्रवाल, अनिल साहनी, रमेश जैन, डॉ. रवि गुप्ता ने बधाई दी।



### जीआरएम के छात्र ने लिखी कल्कि पुराण

**बरेली, अमृत विचार** : श्री गुलाबराय मॉन्टेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नैनीताल रोड ब्रांच में कक्षा 7 के विद्यार्थी प्रेरक वर्मा ने कल्कि अवतार पर पुस्तक 'कल्कि पुराण'' लिखी है। उनकी यह पुस्तक ऑनलाइन नोशन प्रेस से छपी है, बिक्री के लिए अमेजन और फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है। मीडिया प्रभारी रजनीश त्रिवेदी ने बताया कि गुरुवार को प्रेरक ने अपनी पुस्तक की प्रति विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली को भेंट की। उन्होंने और प्राचार्य रणवीर सिंह रावत ने प्रेरक को भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।



### शिव महापुराण में नारद के अंहकार का प्रसंग सुनाया



**बरेली, अमृत विचार** : राजेंद्र नगर स्थित नीलकंठ मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन गुरुवार को कथा व्यास आचार्या राध्या भारद्वाज ने नारद मोह प्रसंग का वर्णन किया। बताया कि देवर्षि नारद एक समय अहंकार और मोह के प्रभाव में आ गए थे। भगवान विष्णु ने उनकी परीक्षा लेने के लिए माया रची। जिसमें नारद स्वयं को एक राजकुमारी के स्वयंवर में सर्वश्रेष्ठ वर समझ बैठे। अंतत उन्हें यह बोध हुआ कि ईश्वर की लीला अगम्य है, अहंकार मनुष्य को भ्रमित कर देता है। गुरुवार को मुख्य यजमान पारस अग्रवाल, इति अग्रवाल ने पूजा–अर्चना की। मंदिर समिति के पदाधिकारी सतीश कातिब, पवन अरोड़ा, अमित कपूर, मुकेश पांडे आदि मौजूद रहे।

### लोन देने में आनाकानी कर रहे बैंक, डीएम ने बैठक में जताई नाराजगी

**बरेली, अमृत विचार** : जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने विकास भवन सभागार में गुरुवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा की। वेंडरों ने बैंकों द्वारा लोन देने में दिक्कत करने की बात कही। कहा कि स्वीकृत लोन भी नहीं दिए जा रहे हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। कहा कि 20 अप्रैल से पूर्व स्थिति में सुधार लाएं। पीओ नेडा राम जनम यादव ने बताया कि योजना के अंतर्गत 17641 का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष 19647 की प्रगति की गयी। इसमें से 16897 उपभोक्ताओं की सब्सिडी भी अवमुक्त की जा चुकी है। 2026–27 के लिए 41163 का लक्ष्य निर्धारित किया है। एक किलो वाट से दस किलो वाट तक विद्युत का उपभोग करने वाले उपभोक्ता इसका लाभ ले सकते हैं। एक किलो वाट का संयंत्र लगवाने पर 45000 रुपये, दो से तीन किलो वाट का संयंत्र लगवाने पर 90,000 रुपये, तीन से दस किलो वाट का संयंत्र लगवाने पर 108000 रुपये का अनुदान सरकार देगी। समस्या हो तो वह वेबसाइट पर शिकायत कर सकते हैं।

### समाजवादी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक

**बरेली, अमृत विचार** : कचहरी परिसर में समाजवादी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक में जिलाध्यक्ष श्यामवीर सिंह यादव ने सभी पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। जो पदाधिकारी निष्क्रिय हैं, उन्हें संगठन से हटाकर सक्रिय लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार करना रहा। संचालन जिला महासचिव जहांगीर बेग ने किया। धर्मेंद्र गंगवार, उमाशंकर यादव, हरभजन सिंह शाक्य, सुभाष चंद्र गुर्जर, राजेंद्र यादव, रामसेवक यादव, मो. हनीफ सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आईके कलेक्शन को हराकर बजाज टेक्सटाइल सेमीफाइनल में




खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच से सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार**: श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में 12वें लीग मैच में तेजस्वी स्पोर्ट्स मेरठ ने जीका इलाहाबाद को 5 विकेट से हरा क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बजाज टेक्सटाइल अमरोहा ने आईके कलेक्शन बरेली को 33 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शोएब सिद्दीकी को एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने मैन आफ द मैच की ट्राफी प्रदान की।

श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के स्टेडियम में गुरुवार शाम 12वें मैच में तेजस्वी के कप्तान दमनदीप सिंह ने टॉस जीत कर जीका इलाहाबाद को बल्लेबाजी का न्योता दिया। जीका ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 154 रन बनाए। तेजस्वी स्पोर्ट्स ने लक्ष्य 13 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। गुरुवार को पहला क्वार्टर फाइनल मैच बजाज टेक्सटाइल अमरोहा और आईके कलेक्शन बरेली के बीच खेला गया। इसमें बजाज टेक्सटाइल ने 6 विकेट के नुकसान पर 219 रन बनाए। जवाब में आईके कलेक्शन की टीम 18 ओवर में 186 रन बना सकी। नतीजन बजाज टेक्सटाइल अमरोहा ने 33 रन से मैच जीत कर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया।

## सही टूथपेस्ट की दी जानकारी

**बरेली, अमृत विचार** : बच्चों के दांतों की देखभाल उनके सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञ डाक्टरों की सलाह है कि बच्चों के लिए हमेशा फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का ही उपयोग करना चाहिए। फ्लोराइड दांतों को मजबूत बनाता है और कीड़े (कैविटी) से बचाता है।

हालांकि, फ्लोराइड की मात्रा उम्र के अनुसार होनी चाहिए। 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए कम फ्लोराइड वाला टूथपेस्ट (लगभग 1000 पीपीएम) 3 से 6 वर्ष तकः 1000–1450 पीपीएम फ्लोराइड होना चाहिए। इसके अलावा 6 वर्ष से अधिक के बच्चे के लिए सामान्य फ्लोराइड टूथपेस्ट इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। डाक्टरों का कहना है कि बच्चों में अधिक टूथपेस्ट का उपयोग नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि वे अक्सर उसे निगल लेते हैं। 3 साल तक के बच्चे को चावल के दाने जितना टूथपेस्ट इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। तीन से 6 साल के बच्चे के लिए मटर के दाने जितनी या थोड़ा अधिक होना बताया है।

Bareilly International University
ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING
Rohilkhand Medical College Campus Pilibhit Bypass Road, Bareilly-(U.P.) 243006
Recognized by Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow & Indian Nursing Council, New Delhi

Recognized Mentor Institute By UPSMF Lucknow
ADMISSION OPEN (प्रवेश प्रारम्भ) NURSING
'A' Rated Institute by UPSMF Lucknow

M.Sc. Nursing : 2 Year
एम.एस.सी. नर्सिंग : 2 वर्षीय
कुल सीट : 20
Eligibility :-
1. B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing with Minimum of 55% Aggregate marks.
2. Minimum one year of work experience after Basic B.Sc. Nursing/prior or after Post Basic B.Sc. Nursing.
3. Must Registered as a Nurse/Midwife with State Nursing Registration Council.

NPCC : 2 Year
एन.पी.सी. सी. : 2 वर्षीय
कुल सीट : 10
Eligibility :-
1. B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing with Minimum of 55% Aggregate marks.
2. Minimum one year of clinical experience after Basic B.Sc. Nursing/ Post Basic B. Sc. Nursing.
3. Must Registered as a Nurse/Midwife with State Nursing Registration Council.

B.Sc. Nursing : 4 Year
बी.एस.सी. नर्सिंग : 4 वर्षीय
कुल सीट : 100
Eligibility :-
1. Candidates with Science who have passed qualifying 12th Standard examination (10+2) and must have Obtained a minimum of 45% marks in Physics, Chemistry and Biology (PCB) taken together and passed in English individually from any recognized board.
2. Minimum age for admission is 17 years on or before 31st December 2026.

Post Basic B.Sc. Nursing : 2 Year
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग : 2 वर्षीय
कुल सीट : 30
Eligibility :-
1. Diploma in General Nursing & Midwifery with Minimum 50% Aggregate marks.
2. Must Registered as a Nurse/Midwife with State Nursing Registration Council.

ANM : 2 Year
ए.एन.एम. : 2 वर्षीय
कुल सीट : 50
Criteria :-
1. The minimum educational requirement shall be 10+2 in arts (Mathematics, Physics, Chemistry, Biology, Bio technology, Economics, Plitical Sciences, History, Geography,Business Studies, Accountancy, Home Science, Sociology, Psychology, and Philosophy) and English Core/English Elective or Science, or health care science-vocational stream only passing out from recognized board.
2. Minimum age for admission is 17 years on or before 31st December 2026.

GNM : 3 Year
जी.एन.एम. : 3 वर्षीय
कुल सीट : 100
Criteria :-
1. Minimum education eligibility criteria for Admission is 10+2 with English and passed with 40% at the qualifying examination from any Recognized board.
2. Minimum age for admission is 17 years on or Before 31st December 2026. *CNET by Atal Bihari Vajpayee Medical University (ABVMU), Lucknow, Uttar Pradesh



Admission Helpline : 9105500404, 202, 9520876133
College E-Mail : rcnbareilly11@gmail.com University Website : https://www.biu.edu.in